ज्ञापांक...402...फा0नं0..00.../2021ई0

कार्यालय अग्निशामालय पदाधिकारी, ककंड़बाग, पटना।

दिनाक 19.05.2021

सेवा में,

प्राचार्य

केन्द्रीय विद्यालय नं0 –1, कंकड़बाग, पटना।

प्रसंग– आपका कार्यालय ज्ञापांक **F.28029/KVK(SS)/2021-2022/06** दिनांक–18.05.2021।

विषय– केन्द्रीय विद्यालय नं0 –1, ककंडबाग, पटना का अग्निसुरक्षा जाँच प्रमाण पत्र/सलाह के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसांगाधीन पत्र के अलोक में कहना है कि अग्निशामालय कंकडबाग के द्वारा **केन्द्रीय विद्यालय नं0 –1, ककंड़बाग, पटना** का अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से जाँच किया गया। जिसमे अग्निसुरक्षा के दृष्टिकोण से उपलब्ध अग्निशमन यत्रों की विवरणी इस प्रकार है–

- जाँच के क्रम में इस विघालय में अग्नि सुरक्षा हेतु पोर्टेबल अग्निशमन यंत्रों के रूप में **कुल** ABC अग्निशमन यंत्र **16 अदद् एवं** Co2 अग्निशमन यंत्र **08 अदद्** क्रियाशील अवस्था में उपलब्ध है।
- इस विद्यालय तक आपात स्थिति में अग्निशमन वाहनों के पहुँचने हेतु रास्ता है।

सुझाव–

1. प्रबंधक, मानक के अनुरूप अपने अग्निशमन यंत्रों का संधारण तथा NBC पार्ट 4 एव बिहार बिल्डिग बॉयलॉज का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।
2. इलेक्ट्रीक पैनल के पास फायर बॉल/मॉड्यूलर रखना सुनिश्चित करेगे।
3. फायर सिस्टम हेतु 10,000 लीटर क्षमता का प्रत्येक ब्लॉक मे फायर के लिए रिर्जव पानी रखने हेतु टंकी की व्यवस्था करने की आवश्यकता है।
4. विद्यालय में 450 एल0पी0एम0 का पम्प टैरेस टैंक के पास लगाना सुनिश्चित करेगे।
5. इस विद्यालय के प्रत्येक भवन में पाइप लाईन (हाइड्रेन्ट) अधिष्ठापित करने की आवश्यकता है।
6. इस विद्यालय भवन के प्रत्येक ब्लॉक के हरेक तल पर होज रील सिस्टम अधिष्ठापित करने की आवश्यकता है।
7. इस विद्यालय के प्रत्येक भवन के प्रत्येक तल पर सिगनेज (Exit साईन) लगाने की आवश्यकता है।
8. विद्यालय परिसर में एक कैंटिन संचालित है। जिसमे अग्निशमन हेतु अग्निशमन यत्र उपलब्ध करने की आवश्यकता है।
9. अग्निशमन यंत्रो एंव उपकरणों को उपलब्ध करा लिये जाने के उपरान्त इन्हे सुचारू रखने क लिए किसी एजेन्सी के द्वारा वार्षिक मेन्टेनेस करना सुनिश्चित करेंगे।
10. प्रत्येक 15–20 दिनों परं कुशल प्रशिक्षित इलेक्ट्रीशियन द्वारा इस भवन के बिजली उपकरणों एवं वायरिंग की जाँच कराते रहेंगे।
11. अग्निशमन यंत्र सक्रिय पाये जाने की स्थिति में यह जाँच प्रमाण पत्र निर्गत तिथि से **एक वर्ष** के लिए लिए जारी किया जाता है।

विश्वासभाजन

19/05/2021

अग्निशामालय पदाधिकारी
कंकड़बाग, पटना

नोट– आग लगने पर डायल करें 101 अथवा 06122361198, 7485806121-22, 9473199834